## खबर संक्षेप

### सरकारी जमीन से कब्जा हटाने नहीं हो रही कार्यवाही

**सिलौंडी।** सिलौंडी से समीपवर्ती ग्राम पंचायत नेगाई में राजस्व विभाग की लगभग सैकड़ों एकड़ भूमि शासकीय रिकार्ड में दर्ज है जिसमें चरनोई की भी शामिल है। सरकारी भूमि में ग्राम के दबंग लोगो द्वारा कब्जा कर कृषि कार्य किया जा रहा है। अनेक बार उच्च अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण अलग कराने निरीक्षण भी कर लिया। अभी वर्तमान में सरकारी धान खरीदी स्थल पर भी ग्राम के दबंग लोग ने कब्जा कर लिया है। नेगाई के लोगों ने श्री वीरासन मंदिर में हुई कलेक्टर जनसुनवाई और जिला स्तर कटनी में कलेक्टर जन सुनवाई में भी सरकारी भूमि से अतिक्रमण अलग कर आवारा पशु की व्यवस्था करने की मांग की थी परंतु अभी तक प्रशासन ने कोई भी कार्यवाही नही की है। सरकारी भूमि में ग्रामीणों ने गौशाला, कृषि उपज मण्डी, बस स्टैंड, नर्सरी बनाने की मांग है।

### अवैध परिवहन पर हाईवा किया गया जब्त

**कटनी।** कैमोर क्षेत्र में बीती देर रात खनिज विभाग की टीम ने अमरैया पार क्षेत्र में अवैध रूप से लेटराइट का परिवहन कर रहे एक हाईवा को पकड़ा।द खनिज विभाग को लंबे समय से अमरैया पार इलाके में लेटराइट के अवैध उत्खनन और परिवहन की शिकायतें मिल रही थीं। सूचना की तस्दीक करते हुए विभाग की टीम ने रात के अंधेरे में घेराबंदी की। इस दौरान एक हाईवा को रोका गया, जिसमें अवैध रूप से लेटराइट लोड था और चालक परिवहन से संबंधित वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। खनिज विभाग की टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त कर लिया। जब्त किए गए हाईवा को कैमोर थाने ले जाया गया है, जहाँ उसे पुलिस की सुपुर्दगी में खड़ा कराया गया है। संबंधित विभाग अब वाहन मालिक और इसमें संलिप्त अन्य लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है।

### आदतन अपराधी को 5 माह तक थाना में देनी होगी हाजिरी

**कटनी।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने हिरवारा थाना एनकेजे निवासी अजय उर्फ अज्जू बर्मन पिता काशी प्रसाद 35 वर्ष के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए आगामी 5 माह की अवधि तक प्रतिमाह की 1 और 16 तारीख को पुलिस थाना एनकेजे में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर की है। अजय बर्मन के विरूद्ध वर्ष 2009 से अगस्त 2025 तक कुल 14 आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें गाली-गलौज करना, जातिगत शब्दों से अपमानित करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, एवं जुआं खेलने जैसे अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा अजय के विरूद्ध कई बार प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। परंतु, आदतन अपराधी के आचरण-व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ। आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण जिला दण्डाधिकारी ने आदतन अपराधी के प्रवृत्ति पर नियंत्रण लगाने के लिए रासुका के तहत कार्रवाई की गई है।

## कलेक्टर ने उद्योगों के बिजली कनेक्शन एवं सुविधाएं बंद करने दिये निर्देश

# सख्ती : नियमों का पालन नहीं करने पर 10 उद्योगों को बंद करने के निर्देश

उद्योगों के संचालन के लिए नियमों की लंबी फेहरिस्त होती है जिसका पालन करना अनिवार्य होता है लेकिन संचालकों द्वारा नियमों को दरकिनार किया जाता है जिससे वायु एवं जल प्रदूषण की समस्या बढ़ती है और लोगों को परेशानियां झेलनी पड़ती हैं। नियमों पर पालन नहीं करने पर 10 उद्योगों को पर कार्यवाही के निर्देश कलेक्टर द्वारा जारी किये गये हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पर्यावरण नियमों का पालन नहीं करने वाले औद्योगिक संगठनों एवं फर्मों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा दिये गये निर्देश के पालन में मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कटनी द्वारा जिले में बिना सम्मति व नवीनीकरण के संचालित 10 उद्योगों को बंद करने के निर्देश जारी किये हैं।



### इन उद्योगों पर कार्यवाही के निर्देश

क्षेत्रीय अधिकारी सुधांशु तिवारी ने बताया कि मेसर्स विनय लाइम इंडस्ट्री पठरा झुकेही, मेसर्स परोहा स्टोन लाइम कंपनी झुकेही, मेसर्स शिवांश इंडस्ट्री (पुराना नाम रुद्राक्ष लाइम इंडस्ट्री पडखुरी), मेसर्स शंकरलाल सतेंद्र कुमार जैन मझगवां, मेसर्स इस.बी.एस. रिफ्रैक्ट्री भरौली, मेसर्स चंदन सेरामिक लिग़री, मेसर्स चंदन मिनरल्स एंड रिफ्रैक्ट्री लखापतेरी, मेसर्स बालाजी ट्रेडर्स भरौली, मेसर्स बी.टी. मिनरल्स बड़ागाँव, मेसर्स ड्राई टेक प्रोडक्ट पठरा को उद्योग प्रक्रिया बंद करने के निर्देश जारी किए गए है। ये सभी इकाईयां प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बोर्ड की बिना सम्मति एवं नवीनीकरण के संचालित हो रहे थे। नियमानुसार प्रत्येक उद्योग को उत्पादन करने हेतु नियमानुसार बोर्ड से वायु अधिनियम 1981 एवं जल अधिनियम 1974 के अन्तर्गत बोर्ड से सम्मति तथा सम्मति का अद्यतन नवीनीकरण कराया जाना अनिवार्य है।

इन सभी उद्योगों द्वारा पर्यावरणीय अधिनियमों में दिये गये प्रावधानों के अनुरूप सक्षम एवं प्रभावी वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था स्थापित नही की गयी थी। फलस्वरूप आसपास के क्षेत्र में वायु प्रदूषण की स्थिति निर्मित हो रही थी जो कि पर्यावरणीय अधिनियमों में दिये गये प्रावधानों का उल्लंघन है।

इसके आधार पर दोषी पाये गये पहलुओं के विवरण के तहत जल (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1974 की धारा 33 'क' एवं वायु (प्रदूषण निवारण एवं नियंत्रण) अधिनियम 1981 की धारा 31 'क' के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए इन सभी 10 इकाईयों को बंद करने के निर्देश जारी किये गये हैं। कलेक्टर द्वारा विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री को इन सभी इकाईयों के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित करने और खनिज एवं उद्योग विभाग को इन फर्मों की समस्त शासकीय सुविधाएं बंद किये जाने के निर्देश दिए गए हैं।



## धरा गया शातिर बदमाश, लाखों के जेवरात एवं मोबाइल बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रेल यात्रा के दौरान यात्रियों के मोबाइल एवं जेवरात चोरी करने वाले एक शातिर बदमाशा को जीआरपी ने गिरफ्तार किया है। रेल पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे सघन जांच अभियान के दौरान जीआरपी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए लाखों की चोरी का खुलासा किया है। जीआरपी पुलिस ने आरोपी राज भूमिया उर्फ मंजा 20 वर्ष निवासी कैलवारा फाटक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से करीब 6 लाख 83 हजार रुपये कीमत का चोरी का माल बरामद किया है। आरोपी लंबे समय से ट्रेनों और रेलवे परिसरों में यात्रियों को निशाना बनाकर वारदातों को अंजाम दे रहा था। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी ने अलग-अलग मामलों में यात्रियों के कीमती सोने के जेवरात और मोबाइल फोन चोरी किए थे। बरामद सामग्री में भोपाल निवासी महिला यात्री की तीन तौला सोने की चेन, दो महंगे मोबाइल फोन समेत अन्य फरियादियों के कुल 10 मोबाइल शामिल हैं।

यह कार्रवाई थाना जीआरपी कटनी में दर्ज अलग-अलग चोरी के मामलों धारा 305(सी), 304(2) बीएनएस की विवेचना के दौरान की गई। लगातार हो रही घटनाओं के बाद जीआरपी ने संदिग्धों पर नजर रखनी शुरू की थी, जिसके बाद आरोपी की पहचान कर उसे दबोच लिया गया।

कार्रवाई में निरीक्षक एल.पी. कश्यप, उप निरीक्षक संजय मांझी, प्रधान आरक्षक शिवेन्द्र सिंह सहित जीआरपी टीम की अहम भूमिका रही। वहीं आरपीएफ पोस्ट के अधिकारियों और जवानों ने भी संयुक्त कार्रवाई में सहयोग किया।

*विजयराघवगढ़ क्षेत्र के ग्राम दड़ौरी ग्राम का मामला, पहुंचा वन अमला*

## खेत की कंटीली तार फेसिंग में फंसा तेंदुआ ग्रामीणों में दहशत, सतर्क रहने हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

विजयराघवगढ़ क्षेत्र के ग्राम दरौडी में एक तेंदुआ खेत की लोहे की फेंसिंग में फंस गया। गुरुवार सुबह जैसे ही ग्रामीणों ने तेंदुए को जाल में फंसा देखा, पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। कयास लगाये जा रहे हैं कि तेंदुआ शिकार की तलाश में या रास्ता भटक कर खेत की ओर आ गया था। यहाँ वह सुरक्षा के लिए लगाए गए लोहे के कटीले तारों में बुरी तरह उलझ गया।

ग्रामीणों के अनुसार तेंदुआ तार फेसिंग से खुद को छुड़ाने की कोशिश में लहूलुहान हो गया है। कंटीली तार में फंस जाने के कारण तेंदुआ काफी आक्रामक स्थिति



दिखाई दिया जिसे देखते हुए प्रशासन ने क्षेत्र में हाई अलर्ट जारी कर दिया है।

घटना की सूचना मिलते ही विजयराघवगढ़ और बड़वारा का वन अमला तत्काल मौके पर पहुँचा। स्थिति को देखते हुए तेंदुए के चारों ओर 500 मीटर के दायरे की घेराबंदी कर दी गई है। ग्रामीणों के प्रवेश पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व की विशेषज्ञ रेस्क्यू टीम को तुरंत सूचित किया गया है, जो तेंदुए को 'ट्रेंकुलाइज' (बेहोश) कर सुरक्षित बाहर निकालेगी। वन विभाग ने ग्रामीणों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष गाइडलाइन जारी की है। अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि तेंदुआ अचानक फेंसिंग से छूट जाता है, तो वह हिंसक हमला कर सकता है।

विभाग ने अपील की है कि घटनास्थल के आसपास भीड़ न लगाएं और शोर न मचाएं। खेतों और खुले इलाकों में अकेले जाने से बचें। अपने बच्चों और पालतू मवेशियों को सुरक्षित और बंद स्थानों पर रखें। रेस्क्यू टीम के आने के बाद तेंदुए को सुरक्षित निकाला गया। इसके बाद उसका मेडिकल परीक्षण कराने के बाद स्वास्थ्य ठीक होने पर उसे वापस सुरक्षित जंगलों में छोड़ दिया जाएगा। वन विभाग की टीम मौके पर तैनात होकर स्थिति पर नजर रखे हुए है।

## सिनगौड़ी में हिन्दू सम्मेलन का हुआ आयोजन



विजयराघवगढ़ के सिंनगोड़ी में बस स्टैंड के रंग मंच पर विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें समाज, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर विचार मंथन हुआ। सम्मेलन का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा से हुआ। इस अवसर पर बच्चों ने मंच पर विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर समरस, स्वाभिमानी और कर्तव्यनिष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में सिंनगौड़ी सहित आसपास गांवों से बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के साथ ही मातृशक्तियों की सहभागिता रही। मुख्य ओमप्रकाश त्रिपाठी जी संघ प्रमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए हिंदू समाज का एकजुट रहना आज नितांत आवश्यक है। उन्होंने भविष्य के भारत के निर्माण के लिए पंच परिवर्तन को आधार बनाकर कार्य करने का आह्वान भी किया।

## 1070 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया खाद की कल पहुंचेगी खेप, किसानों को मांग अनुसार मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

रबी फसलों के लिए सर्वाधिक मांग वाली उर्वरक यूरिया खाद की एक रैक संभवतः शनिवार 7 फरवरी को झुकेही रैक प्वाइंट पर आ जायेगी। इससे कटनी जिले को 1070 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया मिलेगी और जिले में यूरिया खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

### वितरण पर रखें निगरानी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने अधिकारियों को खाद वितरण केन्द्रों का नियमित निरीक्षण करने, किसानों से संवाद करने और पीओएस मशीन में उर्वरक स्टॉक की उपलब्धता देखकर इसका भौतिक सत्यापन अवश्य करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी है कि उर्वरक वितरण व्यवस्था पर पैनी नजर रखें ताकि किसानों को सहजता से खाद मिल सके।

### यहां की जाएगी आवंटित

जिला विपणन अधिकारी आनन्द नारायण पांडे ने बताया कि शनिवार को आने वाली रैक से आई नीम कोटेड यूरिया में से कटनी डबल लॉक केन्द्र के लिए 250 मीट्रिक टन, बहोरीबंद डबल लॉक केन्द्र के लिए 250 मीट्रिक टन तथा मझगवां बड़वारा डबल लॉक केन्द्र के लिए 150 मीट्रिक टन नीम कोटेड यूरिया उर्वरक आवंटित की जायेगी। जबकि जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक कटनी को 120 मीट्रिक टन उर्वरक आवंटित की जायेगी।

इसी प्रकार सीएमएस मार्केटिंग सोसायटी कटनी, सीएमएस उमरियापान-ढीमरखेड़ा, सीएमएस रीठी, सीएमएस बड़वारा, प्रियदर्शनी विपणन विजयराघवगढ़, सीएमएस बाकल, सीएमएस स्लीमनाबाद और सीएमएस ढीमरखेड़ा को 30-30 मीट्रिक टन यूरिया आवंटित की जायेगी। इसके अलावा एमपी एग्रो कटनी को 60 मीट्रिक टन खाद आवंटित की जायेगी। जिससे यहां के किसानों को पर्याप्त मात्रा में उनकी जरूरत के मुताबिक उर्वरक की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी।

### यहां देवें सूचना

कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि वे खाद एवं बीज से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्या और शिकायत या खाद एवं बीज मिलने में असुविधा संबंधी सूचना कलेक्ट्रेट कार्यालय में बने जिला स्तरीय कंट्रोल रूम के टेलीफोन नम्बर 07622-220070 एवं 07622-220071 पर दे सकते हैं।

*सुगम आवागमन के लिए नगर निगम अमले द्वारा शहर में चलाया अभियान*

## मुख्य मार्गों से हटाये गये अस्थाई अतिक्रमण, बिना अनुमति निर्माण कार्य पर सामग्री की गई जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर अतिक्रमण शाखा की गठित पृथक-पृथक टीमों द्वारा नगर निगम के विभिन्न मुख्य मार्गो में गुरूवार प्रातः से ही अभियान चलाकर शहर के विभिन्न व्यस्त एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में कार्रवाई कर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करानें की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान राम जानकी वार्ड प्रेम नगर में शासकीय जमीन पर अनाधिकृत रूप से चल रहे निर्माण तथा घंटाघर के पास बिना अनुमति कराये जा रहे निर्माण कार्य पर भी नियमानुसार कार्यवाही की जाकर निर्माण समग्री को जब्त किया गया।

मुख्य मार्गो को किया व्यवस्थित

अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि अतिक्रमण दल की अलग अलग टीमों द्वारा अभियान के दौरान थाना तिराहा से एसबीआई तिराहा होते हुए महारानी लक्ष्मी बाई तिराहा तक के मुख्य मार्ग के किनारे अनाधिकृत रूप से बैठकर व्यवसाय करने वाले सब्जी विक्रेताओं तथा ठेला संचालकों को मार्ग से हटाकर जिला चिकित्सालय के सामने निर्मित हॉकर्स जोन भेजकर मार्ग की यातायात व्यवस्था को सुगम किया गया।

वहीं थाना कोतवाली से नगर निगम कार्यालय से मिशन चौक तक के फल, जूते चप्पल, चश्मा टोपी चाट एवं होटल सहित अन्य व्यवसायियों पर भी मुनादी के माध्यम से मुख्य मार्ग को छोड़कर व्यवस्थित रूप से व्यवसाय करने की हिदायत दी जाकर सार्वजनिक मार्ग को अतिक्रमण मुक्त किया जाकर आवागमन व्यवस्थित किया गया।

### सार्वजनिक मार्गो में खड़े वाहनों को कराया अलग

अतिक्रमण अमले की टीम द्वारा मिशन चौक से चांडक चौक से आजद चौक होते हुए चांडक चौक तक, बरगवां एवं नगर के अन्य मुख्य मार्गो में मुनादी के माध्यम सड़क में अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों को व्यवस्थित करनें तथा मार्ग के मोटर मैकेनिकों को सार्वजनिक मार्गो में वाहनों को खड़ा न करनें की मुनादी के माध्यम से हिदायत दी जाकर मार्ग को व्यवस्थित किया गया। कार्रवाई के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारु रखी गई तथा अतिक्रमणकारियों को भविष्य में सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा न करने की सख्त हिदायत दी गई। अतिक्रमण प्रभारी ने बताया कि नगर निगम द्वारा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा ताकि नागरिकों को सुरक्षित और सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके।

### बाजार क्षेत्र में भी कार्यवाही

बाजार क्षेत्र के अंदरूनी मार्गो की सुचारू आवागमन व्यवस्था हेतु झंडा बाजार, कपडा बाजार, गोल बाजार के गल्ला, कपड़ा एवं व्यवसायियो के बोर्ड एवं दुकान सामग्री आदि को सार्वजनिक मार्गो से पृथक कराने के साथ ही सुभाष चौक एवं देश भंडार के सामने मार्ग पर फूल माला विक्रय करनें वाले व्यवसायियों को सार्वजनिक मार्ग से अलग करनें की कार्यवाही की गई।

## सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर का हुआ समापन

# रैली, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय नेतृत्व प्रशिक्षण विशेष शिविर प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह, प्रियंका तोमर एवं डॉ रश्मि त्रिपाठी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सलैया सिहोरा में संचालित हो रहा था। शिविर समापन दिवस की पूर्व रात्रि में स्वयंसेवकों, कार्यक्रम अधिकारियों एवं स्टॉफ के सदस्यों ने राष्ट्रीय सेवा योजना के गीतों एवं सामूहिक नृत्य के माध्यम से कैंप फायर का भरपूर आनंद लिया। शिविर के सातवें दिन समापन कार्यक्रम आयोजित हुआ।



कार्यक्रम की शुरुआत में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह द्वारा शिविर प्रतिवेदन के माध्यम से बताया गया कि स्वयंसेवको ने सात दिन तक प्रभात फेरी, योग एवं व्यायाम, श्रमदान एवं परिसर साफ सफाई, स्वच्छता, नशा मुक्ति, जैविक खेती, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, ऊर्जा साक्षरता, महिला सशक्तिकरण, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, बाल संरक्षण, बाल विवाह, साइबर सुरक्षा एवं डिजिटल साक्षरता, मतदाता जागरूकता, पोषण, रक्तदान एवं एड्स जागरूकता, यातायात आदि विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली, नुक्कड़ नाटक, सर्वेक्षण कार्य आदि गतिविधियों में सहभागिता कर लोगों को प्रेरित करने का कार्य किया। साथ ही वंदे मातरम् एवं सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती के 150 वर्ष होने के अवसर पर राष्ट्रीय एकता का संदेश देने के लिए तिरंगा यात्रा भी निकाली गई।

कार्यक्रम के अगले चरण में श्री डारेश्वर पाठक, पूर्व सरपंच एवं वर्तमान उपसरपंच महेन्द्र सिंह आदि अतिथियो ने स्वयंसेवकों का मार्गदर्शन कर समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। तथा प्राचार्य डॉ. आर. के. त्रिपाठी ने कार्यक्रम अधिकारियों को शिविर के सफल संचालन एवं समापन पर बहुत बहुत शुभकामनाएं देते हुए स्वयंसेवको को और अच्छे से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। अगले चरण में प्राचार्य एवं उपस्थित सभी अतिथियों द्वारा शिविर में सहभागिता कर रहे स्वयंसेवको का उत्साहवर्धन करते हुए सभी को मेडल, पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र वितरित किये गये।

कार्यक्रम अधिकारी प्रियंका तोमर ने अपने उद्बोधन में बताया कि स्वयंसेवकों द्वारा शिविर दिनचर्या के अनुसार सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन किया गया। जिसके पश्चात शिविर दलनायकों द्वारा शिविर ध्वज प्राचार्य को सौंपा गया। कार्यक्रम के अंत मे सभी के द्वारा राष्ट्रगान का गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन निगम, मुस्कान, सचिन, शिवानी, शिवम् आदि स्वयंसेवको एवं आभार प्रदर्शन डॉ रश्मि त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## किसानों को आधुनिक खेती और नरवाई प्रबंधन की जानकारी देकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

किसान कल्याण वर्ष 2026 के तहत जिले के किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों और उन्नत खेती की जानकारी देने के लिए कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश एवं उप संचालक कृषि श्रीमती अरुणिमा सेन के मार्गदर्शन में कृषि विभाग द्वारा कृषि रथ के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है।

गुरूवार को विकासखंड रीठी के गांवों में सहायक संचालक एवं नोडल अधिकारी श्री मनीष मिश्रा के नेतृत्व में 'कृषि रथ' चलाकर किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों एवं नरवाई प्रबंधन की जानकारी दी गई। कृषि अभियांत्रिकी विभाग के उपयंत्री संदीप पीपाड़ा ने किसानों को नरवाई (फसल अवशेष) प्रबंधन के लिए आधुनिक यंत्रों जैसे सुपर सीडर, हैप्पी सीडर, जीरो टिलेज सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल, स्ट्रा रीपर और रीपर कम बाइंडर की तकनीकी जानकारी दी।



उपयंत्री पीपाड़ा ने बताया कि सुपर सीडर और हैप्पी सीडर जैसे यंत्र खेत की तैयारी, नरवाई प्रबंधन और बोनी जैसे तीन काम एक साथ करते हैं। इन यंत्रों के उपयोग से न केवल समय और लागत की बचत होती है, बल्कि पैदावार भी अच्छी मिलती है। उन्होंने किसानों को समझाइश दी कि नरवाई जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति नष्ट होती है और वायु प्रदूषण फैलता है, जिससे बीमारियां बढ़ती हैं। नरवाई न जलाकर उसे खाद के रूप में उपयोग करना ही श्रेष्ठ है।

कार्यक्रम के दौरान किसानों को कस्टम हायरिंग, डीबीटी, यंत्रदूत ग्राम योजना, वर्मी कंपोस्ट, नाडेप और जीवामृत खाद बनाने की विधि की भी जानकारी दी गई। इस अभियान के दौरान कृषि विभाग के अन्य अधिकारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बिलैया तलैया सब्जी मंडी मार्ग से हटाये अतिक्रमण

**कटनी।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देशानुसार बुधवार को अतिक्रमण टीम द्वारा शहर के विभिन्न व्यस्त एवं व्यावसायिक क्षेत्रों में कार्रवाई कर सड़कों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि बुधवार को जहां एक ओर शहर के विभिन्न मुख्य मार्गो से अस्थाई अतिक्रमण अवैध ठेले - टपरों दुकान सामग्री को हटाकर सार्वजनिक मार्गो का आवागमन सुगम बनाया गया वहीं शाम को बिलैया तलैया सब्जी मंडी में अतिक्रमण टीम द्वारा वृहद कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान स्टेशन रोड मुख्य मार्ग स्थित सब्जी मंडी मोड से कमानिया गेट गली में मिलने वाले मार्ग में स्थानीय व्यवसायियों द्वारा दुकान के बाहर सब्जी रखकर विक्रय करने पर सार्वजनिक मार्ग से सामग्री को अलग कराते हुए आवागमन को सुगम कराया गया। कार्रवाई के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रखी गई तथा अतिक्रमणकारियों को भविष्य में सार्वजनिक मार्ग में कब्जा कर व्यवसाय न करने की सख्त हिदायत दी गई।

### मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए वार्डों में फॉगिंग अभियान

**कटनी।** मौसम में हो रहे बदलाव के दौरान नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मच्छर जनित बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण हेतु महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एवं निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर आयोजित फागिंग अभियान के तहत बुधवार शाम दो वार्डों में फॉगिंग अभियान चलाया गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी ने बताया कि बुधवार को बिरसा मुंडा वार्ड एवं लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में क्षेत्रीय दरोगा की मौजूदगी में विभिन्न मुख्य मार्गो सहित अन्य गलियों एवं घनी बस्तियों में फागिंग मशीन के माध्यम से रासायनिक धुंआ छोड़ने की कार्यवाही की जाकर मच्छर जनित बीमारियों के प्रसार पर नियंत्रण के प्रयास किये गए। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए फागिंग अभियान आगामी तिथियों में नगर के विभिन्न वार्डों में चलाया जायेगा।

### घुमंतू मवेशियों को पकड़ कर भेजा गया गौशाला

**कटनी।** नगर में यातायात व्यवस्था सुचारु रखने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन द्वारा घुमंतू मवेशियों पर नियंत्रण हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। निगम की हांका टीम द्वारा शहर के प्रमुख सार्वजनिक मार्गों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान संचालित किया गया। स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि अभियान के दौरान कोतवाली थाना के समक्ष पोस्ट आफिस कार्यालय के सामने, कचहरी चौराहा, सिविल लाइन, स्टेशन चौराहा,कमानिया गेट हनुमान मंदिर, नदीपार रविदास चौराहा तथा बिलहरी मोड मुख्य मार्ग सहित नगर के अन्य स्थलों में अभियान के दौरान सड़कों पर सार्वजनिक मार्ग में विचरण कर आवागमन बाधित कर रहे 23 घुमंतू मवेशियों को सुरक्षित रूप से पकड़कर अमीरगंज स्थित गौशाला भेजा गया। निगम प्रशासन द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि सार्वजनिक स्थलों पर मवेशियों के कारण किसी भी प्रकार की असुविधा या दुर्घटना की स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए नियमित रूप से कार्रवाई जारी रखी जाए। नगर निगम प्रशासन ने नागरिकों से भी सहयोग की अपील की है कि वे अपने पालतू मवेशियों को खुले में न छोड़ें तथा नगर की व्यवस्था बनाए रखने में सहभागिता निभाएं।

### पकड़ा गया सटोरिया

**कटनी।** कोतवाली थाना प्रभारी राखी पाण्डेय को मुखबिर से सूचना मिली कि कटनी रेलवे स्टेशन के पास एक युवक ऑनलाइन सट्टे की मास्टर आईडी के साथ ग्राहकों की तलाश में है। पुलिस की टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और हुलिए के आधार पर संदेही को हिरासत में लिया। युवक की पहचान स्वपनिल अग्रवाल 32 वर्ष के रूप में हुई है।

---

### बहोरीबंद विकासखंड में 27 परीक्षा केंद्रों पर 4675 विद्यार्थी देंगे इम्तिहान

# माशिमं बोर्ड की 10 फरवरी से शुरू हो रहीं परीक्षाएं, रहेगी ऑनलाइन नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10 वीं और 12 वीं की परीक्षाएं 10 फरवरी से शुरू होने जा रही है।12 वी की परीक्षा 10 फ़रवरी तो 10 वी की परीक्षा 13 फ़रवरी से शुरू होंगी जिसके लिए अब चंद दिन बचें हुये है। जिले में शिक्षा विभाग ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है। बहोरीबंद में सामान्य और अति संवेदनशील परीक्षा केंद्र बनाए गए है। सुरक्षा और निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाए गए है साथ ही पेपर लीके होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए मोबाइल एप (कंडक्ट ऑफ एग्जाम) से ऑनलाइन निगरानी की जाएगी।

#### बीईओ ने किया निरीक्षण

बहोरीबंद विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग ने गुरुवार को बहोरीबंद में 10 वी व 12 वी कक्षा की बोर्ड परीक्षा के लिए बनाये गये परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया!जहाँ विकासखंड शिक्षा अधिकारी समुचित व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए!बीईओ मनोज गर्ग ने बताया कि बहोरीबंद विकासखंड में कक्षा 10 वी की परीक्षा के लिए 15 केंद्र बनाये गये है, जहाँ 2507 विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। वहीं कक्षा 12 वी के लिए 12 परीक्षा केंद्र बनाये गये है, जहाँ 2168 विद्यार्थी शामिल होंगे। सुरक्षा और निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा और पेपर लीके होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए मोबाइल एप (कंडक्ट ऑफ एग्जाम) से ऑनलाइन निगरानी की जाएगी। इतना ही नहीं छात्रों के साथ साथ ड्यूटी पर रहने वाले शिक्षकों के लिए परीक्षा केन्द्र के अंदर मोबाइल प्रतिबंध रहेगा। साथ ही केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक सहित कोई स्टाफ केंद्र में मोबाइल नहीं ले जा सकेगा। इनकी निगरानी ऑनलाइन कंट्रोल रूम से की जाएगी।

#### कलेक्टर प्रतिनिधि रहेंगे तैनात

इस बार परीक्षा के प्रत्येक प्रश्नपत्र के बंडल लोकेशन भी ट्रेस होगी। वहीं उडन्नदस्तों की मानीटरिंग भी एप के माध्यम से की जाएगी। पिछली बार की तरह इस बार भी प्रश्नपत्र बंडलों को थाने से निकालने में कलेक्टर प्रतिनिधि को तैनात किया जाएगा। जो सुबह 6.30 बजे पुलिस थाना पहुंचकर सेल्फी भेजेंगे। इनकी मानीटरिंग भी एप से की जाएगी। पुलिस थाने से लेकर केंद्र तक प्रश्न पत्र पहुंचाने और वितरण तक में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी प्रशासन अलर्ट मोड में है। हर परीक्षा केंद्र पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती रहेगी। अतिसंवेदनशील केंद्रों पर अतिरिक्त पुलिस गार्ड तैनात किए जाएंगे। परीक्षा केंद्र के 100 मीटर के दायरे में परीक्षार्थियों और ड्यूटी में लगे कर्मचारियों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति का प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा।

माध्यमिक शिक्षा मंडल के तहत 12वीं की परीक्षाएं 10 फरवरी और 10वीं की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू होंगी। प्रशासन का दावा है कि इस बार बोर्ड परीक्षा में नकल के लिए कोई जगह नहीं बचेगी।इस बार परीक्षा केंद्रों से माध्यमिक शिक्षा मंडल को सूचना देने के लिए मोबाइल के बदले वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी।परीक्षा में तैनात सभी अधिकारी मोबाइल पर मंडल का एप डाउनलोड करेंगे। एप पर थाना से प्रश्न पत्र निकालने, केंद्रों पर बंडल खोलने से लेकर वितरण करने, परीक्षा खत्म होने के बाद बंडल बनने और मूल्यांकन केंद्र पर जमा करने तक की एंट्री की जाएगी।

---

## नि:शुल्क एंटी रेबीज़ टीकाकरण सह जागरूकता शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर झिंझरी स्थित जिला पशु चिकित्सालय कटनी के प्रांगण में निःशुल्क एंटी रेबीज़ टीकाकरण सह जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ. आर के सोनी ने बताया कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा 14 जनवरी से 13 फरवरी तक ₹पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह₹ मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत जिला पशु चिकित्सालय में निःशुल्क एंटी रेबीज़ टीकाकरण सह जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

इस शिविर में ब्रिलियंट बायो फार्मा कंपनी द्वारा प्रायोजित एन्टी रेबीज वैक्सीन से श्वानो में निःशुल्क रेबीज़ रोग से बचाव का टीकाकरण किया गया। पशु पालकों में रेबीज़ रोग से बचाव हेतु इसके प्रतिबंधात्मक टीकाकरण एवं श्वानो मे होने वाली अन्य जानलेवा बीमारियों जैसे केनाइन डिस्टेंपर, पार्वो वाइरस गैस्ट्रोएन्टराइटिस, हीपेटाइटिस आदि की जानकारी तथा इनसे बचाव हेतु टीकों की उपयोगिता भी जागरूकता शिविर में बताई गई। शिविर में कुल 48 श्वानो का निःशुल्क एंटी रेबीज़ टीकाकरण किया गया। शिविर में लाये गये आवारा श्वानो को भी प्राथमिकता से एंटी रेबीज़ टीका लगवाया गया।

#### टीकाकरण ही बचाव

रेबीज़ एक लाईलाज जूनोटिक वायरल बीमारी है जो कि संक्रमित कुत्तों के काटने से अन्य पशुओं और मनुष्यों में हो सकती है। इसका बचाव सिर्फ टीकाकरण अपना कर ही किया जा सकता है। ज्यादा से ज्यादा श्वानो को 3 माह की उम्र से एंटी रेबीज़ का टीकाकरण समय-समय पर चिकित्सकों द्वारा बताए गए शेड्यूल के अनुसार कराया जाना चाहिए। ₹प्रिवेंशन इज बेटर देन क्योर₹ के सिद्धांत को मान्यता देते हुए रेबीज़ बीमारी के संक्रमण की कड़ी को खत्म करने के लिए श्वानो में एंटी रेबीज़ टीकाकरण कराए जाने हेतु जनमानस से आह्वान किया गया।

शिविर में कटनी के पशुप्रेमी ,नागरिकों और पशुपालकों ने निःशुल्क रेबीज़ टीकाकरण का लाभ प्राप्त किया। शिविर में जिला पशु चिकित्सालय कटनी के सिविल सर्जन डॉ. सुमंत वर्मा, पशु चिकित्सा शल्य डॉ. साकेत मिश्रा, सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी राकेश कुशवाहा एवं अतुल भुजिया, पशु परिचारक शेख हजरत मंसूरी, मुन्ना लाल, गौ सेवक व मैत्री दीपेंद्र गर्ग, प्रदीप यादव, संतलाल यादव, संकेत यादव का सहयोग रहा।

---

## देवगांव में पंचायती क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



ग्राम पंचायत देवगांव में गुरुवार को पंचायती क्रिकेट टूर्नामेंट का शानदार शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन अध्यक्ष मुकेश यादव द्वारा किया गया। इस अवसर पर क्षेत्र में खेल प्रेमियों और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।टूर्नामेंट में प्रवेश शुल्क 1500 रुपये रखा गया है, जबकि विजेता टीम को 21,000 रुपये एवं उपविजेता टीम को 11,000 रुपये की आकर्षक पुरस्कार राशि दी जाएगी।

टूर्नामेंट के संयोजक मोहित सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता को लेकर ग्रामीणों में भारी उत्साह है और बड़ी संख्या में टीमें भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं को खेल के प्रति प्रेरित करना और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना है।

टूर्नामेंट को सफल बनाने में सोनू यादव, नसीम खान, सनथ यादव, मोनू यादव, अरुण यादव, राहुल पटेल, विनोद यादव, विकी बर्मन, डिंडा यादव, दीपक यादव, भोला यादव सनथ यादव सहित समस्त क्रिकेट प्रेमियों का विशेष सहयोग रहा।

उद्घाटन समारोह में शिवकुमार यादव, रामसुजान यादव, काशीराम यादव एवं रॉकी भाई की गरिमामयी उपस्थिति रही। आयोजन स्थल पर खेल प्रेमियों की भारी भीड़ देखने को मिली और पूरे माहौल में उत्सव जैसा माहौल रहा।

---

## शिक्षकों के लिए न्याय का नया सवेरा शीघ्र होगा: रामेश्वर नीखरा

**स्लीमनाबाद।** मप्र शिक्षक कांग्रेस की प्रांतीय बैठक गत दिनों आयोजित हुई जहाँ बैठक में संगठन के संस्थापक संरक्षक पूर्व सांसद रामेश्वर नीखरा ने शिक्षकों को प्रथम नियुक्ति से वरिष्ठता सहित पुरानी पेंशन दिए जाने एवं अतिथि शिक्षकों को शासकीय शिक्षक बनाए जाने के निर्णय पर मध्य प्रदेश सरकार के संवेदनहीन रवैए को लेकर कहा कि शिक्षक कांग्रेस अपना संघर्ष पथ की राह बनाए रखे शिक्षकों के लिए न्याय का नया सवेरा अवश्य उदय होगा । संगठन प्रभारी रामनरेश त्रिपाठी ने अपने वक्तव्य में कहा कि वर्तमान समय में जो शिक्षक सत्य एवं न्याय हेतु शिक्षक कांग्रेस संगठन के साथ खड़ा है वह वास्तव में निर्भीक एवं साहसी शिक्षक है । प्रांत अध्यक्ष नवनीत चतुर्वेदी ने शिक्षकों की जायज मांगों के लिए सतत संघर्षरत रहने की प्रतिबद्धता प्रकट की । बैठक में संगठन के प्रमुख महामंत्री किशन रजक द्वारा आगामी का योजनाओं सहित संगठन के विस्तार संबंधी एजेंडा प्रस्तुत किया । बैठक को कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष आलोक परमार, डॉक्टर स्मृति रत्न मिश्र ,नीलू उपाध्याय , शशी भूषण तिवारी , प्रांतीय महामंत्री राजीव पाठक, अनिल नामदेव प्रांतीय उपाध्यक्ष रमाकांत शुक्ला, मुकेश यादव सहित प्रांतीय सचिव, संभागीय अध्यक्ष एवं जिलाध्यक्षों ने संबोधित किया । बैठक का सफल एवं कुशल संचालन शहडोल जिलाध्यक्ष अख्तर हुसैन द्वारा तथा आभार प्रांतीय सचिव श्रवण पाठक द्वारा किया गया । बैठक में

---

## फसलों में रोग नियंत्रण का दिया तकनीकी प्रशिक्षण



शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ़ में विद्यार्थियों को कम लागत तकनीकी जीरो बजट फार्मिंग के तहत जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण प्राचार्या डॉ. सुषमा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉ. अरुण सिंह एवं डॉ. सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा जैविक खेती का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि उगरा, जड़ सड़न, पौध गलन, कंडवा आदि रोगों के नियंत्रण के लिए जैविक फफूंद नाशक दवा ट्राइकोडर्मा विरडी का उपयोग करते हैं। इसका उपयोग विभिन्न रोग कारकों का न केवल नियंत्रण करता है। बल्कि पौधों को अच्छी बढ़वार भी प्रदान करता है। ट्राइकोडर्मा रोग कारक कवक के साथ ही साथ मृदा में उपस्थित सूत्र कृमि को भी नियंत्रित करता है। ट्राइकोडर्मा प्रकृति के वातावरण को बिना दूषित किए और जैव तंत्र को बिना बिगाड़े हुए एक जैव नियंत्रक का कार्य करता है, जो जैविक खेती में पादप रोग नियंत्रण के लिए आवश्यक है। ट्राइकोडर्मा का उपयोग बीज उपचार, भूमि उपचार, नर्सरी उपचार, जड़ एवं कंद उपचार के लिए किया जाता है। ट्राइकोडर्मा का प्रयोग करते समय मृदा में पर्याप्त नमी एवं कार्बनिक पदार्थ होना चाहिए। यह मृदा में रहने वाले लाभदायक सूक्ष्मजीवों की संख्या एवं उनकी क्षमता को बढ़ाता है।

---

## किसानों एवं पशुपालकों को पशु सेवाओं का लाभ उठाने तरीकों की दी जानकारी

### पड़वार में वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद



पशुपालन और पशु कल्याण जागरूकता माह के अवसर पर वर्चुअल जागरूकता कार्यक्रम गुरुवार को ग्राम पंचायत पड़वार में आयोजित किया गया। जहाँ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, भारत सरकार के मत्स्य पालन, पशुपालन एवं दुग्ध उत्पादन मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय के राज्य मंत्री प्रोफेसर एस. पी. सिंह बघेल के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण बहोरीबंद ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत पडवार में आयोजित किया गया। सीएससी संचालक विजय कुमार हल्दकार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं किसानो ने सहभागिता किया और सजीव प्रसारण देखा। वर्चुअल (आभासी) जागरूकता कार्यक्रम में केंद्रीय राज्य मंत्री प्रो. एस.पी. सिंह बघेल ने पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य, पोषण, टीकाकरण और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल माध्यम से पशु कल्याण और उत्पादकता बढ़ाना था। कॉमन सर्विस सेंटर्स के माध्यम से किसान और पशुपालक वर्चुअली जुड़े, जहां उन्हें पशु स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाने के तरीके बताए गए।

---

### पुलिस द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को किया गया जागरूक

## साइबर अपराधों से बचने के लिए जानकारी देकर सजग रहने दी समझाइश, नशे से दूरी बनाने संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आमजन से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से कटनी पुलिस द्वारा ग्राम-ग्राम तक पुलिस ग्राम चौपाल एवं पुलिस जन चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया एवं समस्त अनुविभागीय पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में जिले के सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों में संचालित किया जा रहा है।

ग्राम चौपालों का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की सक्रिय उपस्थिति सुनिश्चित करना, अपराधों की रोकथाम करना तथा नागरिकों को सुरक्षा, कानून एवं सामाजिक विषयों के प्रति जागरूक करना है। चौपालों के दौरान ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव, यातायात नियमों का पालन, नशामुक्ति, महिला एवं बाल सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरे लगवाने (सजग दृष्टि योजना) तथा व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से त्वरित सूचना आदान-प्रदान की जानकारी दी जा रही है।

महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके कानूनी अधिकारों, हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई तथा किसी भी समस्या की स्थिति में निर्भीक होकर पुलिस से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। बालिकाओं को गुड टच एवं बैड टच के विषय में भी समझाइश दी गई।

यातायात नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से नाबालिगों को वाहन न चलाने, दोपहिया वाहन पर हेलमेट एवं चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने तथा वाहन के सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखने की अपील की गई। साथ ही डायल-112 एवं अन्य आपातकालीन सेवाओं के सही उपयोग की जानकारी दी गई।

साइबर अपराधों को लेकर पुलिस ने ग्रामीणों को सतर्क करते हुए कहा कि अज्ञात कॉल या संदेशों पर बैंक एवं ओटीपी संबंधी जानकारी साझा न करें तथा लॉटरी या इनाम के नाम पर होने वाले किसी भी प्रकार के लेन-देन से बचें। इसके अलावा नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशामुक्त जीवन अपनाने का संदेश दिया गया।

पुलिस ने नागरिकों से कानून-व्यवस्था बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने एवं पुलिस को सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

---

### छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड किये गये वितरित

## राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर उपलब्धि पर छात्राओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन से महाविद्यालय का नाम रौशन करने पर मुड़वारा विधायक संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल ने शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने छात्राओं को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड प्रदान किए तथा अपने उद्बोधन में उनकी प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए आगे हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात के कुशल मार्गदर्शन तथा सांस्कृतिक एवं युवा उत्सव प्रभारी डॉ. रंजना वर्मा के संयोजन में छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अंतर-विश्वविद्यालयीन राष्ट्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता में औरंगाबाद (महाराष्ट्र) में आयोजित कार्यक्रम में छात्राओं ने रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करते हुए नृत्य, नाटक, गायन एवं माइम जैसी विभिन्न विधाओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

राज्य स्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिता में सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय, उज्जैन (मध्य प्रदेश) में आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं ने नृत्य एवं नाटक विधा में भाग लिया। नाटक प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की।

प्राचार्य डॉ. चित्रा प्रभात ने छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता उनकी लगन एवं निरंतर अभ्यास का फल है। उन्होंने भविष्य में भी ऐसी ही उपलब्धियां प्राप्त करने की प्रेरणा दी । ये उपलब्धियां न केवल महाविद्यालय के लिए गौरव का विषय हैं, बल्कि युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत भी हैं। छात्राओं की यह सफलता सांस्कृतिक क्षेत्र में मध्य प्रदेश एवं रानीदुर्गावती विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाने वाली है।

इस अवसर पर वरिष्ठ प्राध्यापक, डॉ. विमला मिंज, डॉ. रश्मि चतुर्वेदी, के.जे. सिन्हा, डॉ. आर.के. गुप्ता, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. अमिताभ पाण्डेय, डॉ. वीणा सिंह, बंदना मिश्रा, डॉ. रोशनी पाण्डेय, डॉ. अर्पित द्विवेदी, मिथलेश्वरी, शिल्पी कुमारी सिंह, नागेंद्र यादव, पंकज सेन, डॉ. अशुतोष द्विवेदी, डॉ. अनिल द्विवेदी, डॉ. रीना मिश्रा, डॉ. अपर्णा मिश्रा, डॉ. अशोक शर्मा, डॉ. संजयकांत भारद्वाज, भीम बर्मन, प्रेमलाल कॉवरे, डॉ. फूलचंद कोरी, प्रियंका सोनी, स्मृति दहायत मौजूद रहीं।

---

## विद्यालय के वार्षिकोत्सव में छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की दी मोहक प्रस्तुतियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा



लिटिल फ्लावर स्कूल में वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बड़वारा सरपंच श्रीमती सुनैना बाई तेकाम एवम उपसरपंच तथा बड़वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता विशिष्ट अतिथि द्वय के द्वारा मां सरस्वती की तस्वीर पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन किया गया। बड़वारा में जगतपुर उमरिया में संचालित लिटिल फ्लावर अकादमी में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्थानीय ग्रामवासियों व स्कूल में अध्ययनरत छात्र छात्राओं के पालकों की गरिमामयी उपस्थिति रही। रंग विरंगे परिधानों से सुसज्जित नन्हे मुन्ने बच्चों ने विभिन्न प्रकार के गीत एवम सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जिसे दर्शकों के द्वारा सराहा गया एवम पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं ने हास्य कविता एवम देश भक्ति पूर्ण गीत प्रस्तुत किये।स्कूल के संचालक. जे. डी. श्रीवास्तव ने बताया की लिटिल फ्लावर अकादमी में प्रत्येक वर्ष वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। जिसमे छात्र छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति की जाती है जिससे खुशी का माहौल निर्मित होता है।कार्यकम में कक्षा कक्षा पांचवीं एवम आठवीं में विगत वर्ष में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को ग्राम कि सरपंच श्रीमती सुनैना टेकाम एवम बड़वारा उपसरपंच तथा बड़वारा भाजपा मंडल अध्यक्ष अनुराग गुप्ता के द्वारा सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के समापन पर भोज का आयोजन भी किया गया।जिसमें सभी उपस्थित जनों ने भोजन किया।

तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत तेंदूखेड़ा दमोह मार्ग कंसा के जंगल में हुआ हादसा पुलिस जांच में जुटी

## अज्ञात वाहन की टक्कर से कार चालक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेजगढ





तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत दमोह–तेन्दूखेड़ा मार्ग पर बुधवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में कार चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि कार के परखच्चे उड़ गए और इंजन निकलकर कई फीट दूर जा गिरा। अज्ञात तेज रफ्तार वाहन टक्कर मारने के बाद मौके से फरार हो गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेंदूखेड़ा नगर के वार्ड क्रमांक 12 निवासी राम पिता महेश करसोलिया (उम्र 58 वर्ष) बुधवार शाम करीब 4 बजे अपनी खेती-बाड़ी देखने तेजगढ़ क्षेत्र गए थे। देर रात लगभग 10 बजे वे अपनी कार क्रमांक MP 20 CH 9614 से तेजगढ़ से तेंदूखेड़ा लौट रहे थे। इसी दौरान तेजगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत कंसा की घाट के पास जंगली और सुनसान इलाके में किसी अज्ञात वाहन ने उनकी कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार लगभग 70 फीट दूर उछलकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गई और पलट गई। हादसे में चालक राम करसोलिया की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया, जिससे घटना की तत्काल जानकारी पुलिस को नहीं मिल सकी। मृतक के बेटे हर्षित करसोलिया ने बताया कि रात करीब साढ़े 9 बजे तक जब उनके पिता घर नहीं पहुंचे तो उन्होंने फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। करीब 30 बार कॉल करने के बाद भी संपर्क न होने पर वे अपने साथियों के साथ तेजगढ़ की ओर तलाश में निकले। लौटते समय सड़क किनारे एक क्षतिग्रस्त और पलटी हुई कार दिखी, जिसे देखकर उन्होंने रुककर देखा तो उसमें उनके पिता मौजूद थे। स्थानीय राहगीरों की मदद से उन्हें बाहर निकाला गया और स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। गुरुवार सुबह सूचना मिलने पर तेजगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची, पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविंद ठाकुर ने बताया कि पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है और मामले की गंभीरता से जांच जारी है।

### ईंट से भरा ट्रक पलटा, एक की मौत, 6 घायल

मडियादो थाना क्षेत्र अंतर्गत पाटन गांव के पास गुरुवार दोपहर ईंट से भरे ट्रक का स्टेयरिंग फेल होने से अनियंत्रित होकर घाटी से पलट गया। जिसमें सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए मडियादो स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई। अन्य घायलों को हटा रेफर किया गया। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार छतरपुर जिले के मडदेवरा थाना बक्सवाहा से ईट भरकर ट्रक आ रहा था। जिसमें ड्राइवर सहित 7 लोग सवार थे। मडियादो थाना क्षेत्र अंतर्गत पाटन गांव के पास लंबी घाटी पर ट्रक का स्टेरिंग फेल हो गया और ट्रक 15 फिट गहरी घाटी में पलट गया। ट्रक में सवार सभी लोग घायल हो गये। घटना के बाद अफरा तफरी मच गई। तत्काल स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। डायल 112 के माध्यम से सभी को प्राथमिक स्वास्थ केंद्र मडियादो लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को हटा रेफर कर दिया गया। इस हादसे में कमला आदिवासी की मौत हो गई। वहीं चेतराम आदिवासी, रामकरण निषाद, भगवानदास आदिवासी, मूलचंद आदिवासी, पन्ना लाल आदिवासी, पप्पू आदिवासी निवासी मड़देवरा थाना बक्सवाहा जिला छतरपुर घायल हो गये। पुलिस के द्वारा मामले की जांच की जा रही है। ट्रक के चालक रामकरण निषाद ने बताया कि घाटी पर स्टेरिंग पूरा नहीं कटा जिससे ट्रक आनियंत्रित होकर घाटी से नीचे पलट गया।

## लूट के लिए की गई थी कलेक्शन एजेंट की हत्या

### पुलिस ने विनोद अहिरवार हत्याकांड का किया खुलासा

**दमोह।** तेजगढ़ थाना क्षेत्र की इमलिया चौकी के सागोनी गांव के जंगल में हुई फ्यूजन फाइनेंस कंपनी के कलेक्शन एजेंट विनोद अहिरवार की हत्या के मामले में पुलिस ने गुरुवार शाम खुलासा कर दिया है। लूट के लिए यह हत्या की गई थी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही लूट के 100000 में से करीब 80 हजार रुपए बरामद कर लिए हैं। जानकारी देते हुए तेंदूखेड़ा एसडीओपी अर्चना अहीर ने बताया की पटेरा थाना के कूडई गांव निवासी विनोद पिता गोपी अहिरवार 30 जो फ्यूजन फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन एजेंट का काम करता था तेजगढ़ थाना अंतर्गत आने वाले सागोनी गांव के आसपास महिलाओं से समूह के माध्यम से दिए गए पैसों की किश्त एकत्रित करने का काम करता था 28 जनवरी की सुबह उसका शव सागोनी के जंगल में पत्थरों से कुचला हुआ मिला। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद एसपी के मार्गदर्शन में मामले की जांच शुरू की। साइबर सेल की मदद से संदिग्ध गोविंद पिता मंगल आदिवासी 25 निवासी उमरघाट को पूछताछ के लिए पुलिस ने पकड़ा तो उसने हत्या करना कबूल कर लिया। आरोपी ने बताया कि उसकी मां ने भी मृतक विनोद से समूह में पैसे लिए थे और वह पैसे लेने के लिए उनके घर भी आता रहता था। 27 जनवरी को आरोपी मंगल ने मृतक विनोद को फोन लगाकर उमरघाट बुलाया और कहा कि वह अपनी मां की दूसरी किस्त भी देना चाहता है। आरोपी मृतक को जानता था इसलिए वह किस्त लेने के लालच में वहां पहुंच गया उसके बाद आरोपी और मृतक एक ही बाइक पर बैठकर सागोनी के जंगल में गए। जहां आरोपी मंगल आदिवासी ने विनोद अहिरवार पर पत्थर पटक कर उसकी हत्या कर दी। साथ ही उसके पास रखे एक लाख रुपये लेकर वह भाग गया। गुरुवार को साइबर सेल की मदद से आरोपी को गिरफ्तार किया गया उसके पास से 80,000 हजार रुपये नगद एक नया मोबाइल साथ ही मृतक का मोबाइल भी बरामद किया गया है आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस हत्याकांड को सुलझाने में तेजगढ़ थाना प्रभारी अरविन्द सिंह ठाकुर जिला दमोह, सउनि. सतेन्द्र सिंह राजपूत, इमलिया चौकी प्रभारी अक्षेन्द्र नाथ प्र.आर. रघुराज सिह, प्र.आर. भगवत पटैल, प्र.आर. नेतराम सेन, प्र.आर. संदीप महोविया, प्र.आर. हीरालाल, आर.सुरेन्द्र सिंह घोसी, आर. चैन सिंह, आर. देवराज पटैल, आर. राजन राजपूत, आर. उमेश पटैल, आर प्रवीण कुमार, आर. रोहित परिहार, प्र.आर. उमाशंकर, आर.मुकेश, आर. हरि सिंह लोधी, आर. अजय वर्मा, साइवर टीम प्र.आर. सौरभ टंडन, प्र.आर. राकेश अठ्या, आर. महेन्द्र, आर. रोहित सिंह का सहयोग रहा।

## नन्हे मंदिर में मुनि संघ के सानिध्य में बेदी शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नंदी मंदिर जी में जैन धर्म के छठवें तीर्थंकर भगवान पदम प्रभु का मोक्ष कल्याणक महोत्सव एवं त्रिमूर्ति बेदी शिलान्यास कार्यक्रम गुरुवार को मुनिश्री पदम सागर जी महाराज के ससंघ के सानिध्य में भक्ति में उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर श्रावक श्रेष्ठी जनों ने बढ़ चढ़कर बोलियां लेते हुए पंच शिलाओं को स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त किया। आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समय सागर जी के मंगल आशीर्वाद से श्री नन्हें मंदिर जी में जीर्णोद्धार एवं त्रिमूर्ति बेदी निर्माण कार्य किया जा रहा है। गुरुवार को प्रातः बेला में मुनि श्री पदम सागर जी महाराज के मुखारविंद से श्री जी के अभिषेक शांति धारा के साथ पदम प्रभु भगवान का मस्तकाभिषेक संपन्न हुआ। पदम प्रभु भगवान की पूजन के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। तत्पश्चात त्रिमूर्ति बेदी शिलान्यास स्थल पर मुनि श्री के मंगल प्रवचन संपन्न हुए। प्रतिष्ठाचार्य सुरेश शास्त्री, आशीष अभिषेक शास्त्री, स्वतंत्र भैया आदि के निर्देशन में बेदी शिलान्यास की विभिन्न धार्मिक क्रियाएं संपन्न कराई गई। इस अवसर पर अंजना देवेंद्र परस्वाहा परिवार, राजू नायक परिवार, डॉ गौरव नायक परिवार, नंदन लाल नायक टक्सल कंपनी परिवार, चंद्र कुमार, अभिषेक खजरी, महेंद्र करुणा, अरविंद इटोरिया, सौरभ नायक, नीतू जैन जगदलपुर, श्रीमती गुड्डी हरई, सौरभ जैन खजरी, पवन जैन चश्मा वाले, जीतू जैन सहित अनेक श्रावक जनों ने पंच शिलाओं के साथ अन्य शिलाओं को स्थापित करने का सौभाग्य प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन मंदिर कमेटी अध्यक्ष नवीन निराला एवं आभार महामंत्री राजकुमार रानू ने व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर की विभिन्न जैन मंदिरों के पदाधिकारी के साथ सकल जैन समाज की मौजूदगी रही।

आरोपों को लेकर डायमंड सीमेंट्स फैक्ट्री नरसिंहगढ़ प्रबंधन ने मीडिया से की चर्चा...

## कंपनी पर लगाए आरोप पूर्णतः असत्य एवं दुर्भावनापूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह



हाईडलबर्ग सीमेंट कंपनी की डायमंड सीमेंट्स फैक्ट्री नरसिंहगढ़ में पिछले दिनो हुये एक प्रदर्शन के दौरान लगाये गये आरोपो को लेकर प्रबंधन ने अपना पक्ष रखते हुये उनकी कंपनी को बदनाम करने की साजिश बताया। डायमंड सीमेंट हाईडलबर्ग सीमेंट कंपनी नरसिंहगढ़ प्रबंधन की ओर से प्रबंधक सुरेश दुबे ने पत्रकारों से चर्चा करते हुये कहा कि द्रगपाल सिंह लोधी, मुकेश पटेल तथा उनके साथ जुड़े अन्य तत्वों कंपनी के विरूद्ध लगाये गये आरोप पूर्णतः तथ्यहीन भ्रामक एवं दुर्भावना पूर्ण है। इस सबके पीछे इनका एक मात्र उद्देश्य प्रतिष्ठित औद्योगिक संगठन की छवि को धूमिल करना एवं अनावश्यक दबाव बनाना है। उन्होने उक्त लोगो द्वारा कंपनी पर गैर कानूनी दबाव बनाने का आरोप लगाया। प्रबंधक का कहना है कि हम नैतिकता पर विश्वास करते है एवं शासन की 100 प्रतिशत कंपलाईन करते है। ढंग से चलाने में विश्वास करते है। उन्होने कहा कि कंपनी उपरोक्त व्यक्तियों के विरूद्ध मानहानि सहित उचित सिविल एवं अपराधिक कार्यवाही पर विचार कर रही है। प्रबंधन के अनुसार हमारे संस्थान में वर्करों में 97 प्रतिशत वर्कर मप्र के है जिनमें 85 प्रतिशत दमोह जिले के है। प्लान्ट में अधिकारी 60 प्रतिशत मप्र के व 25 प्रतिशत दमोह जिले के है जिसकी जानकारी कलेक्टर महोदय को दी है। पत्रकारों से कहा कि आप सभी से अनुरोध है कि सही तथ्यों को सामने लाये। प्रबंधन ने बताया कि यह क्षेत्र की एकमात्र बड़ी फैक्ट्री है, जो सैकड़ों स्थानीय लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से आजीविका का अवसर प्रदान करती है। तथापि, किसी भी प्रकार की जबरदस्ती नौकरी की मांग स्वीकार्य नहीं है। कंपनी पिछले 45 वर्षों से अधिक समय से इस क्षेत्र में कार्यरत है। हमारी नीति सदैव लागू कानूनों एवं नियमों के अनुपालन, नैतिक व्यापार आचरण एवं सही ढंग से व्यवसाय संचालन हेतु प्रतिबद्ध रही है। इसके अतिरिक्त, कंपनी इस दूरस्थ क्षेत्र में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) के अंतर्गत शिक्षा, पशुधन स्वास्थ्य, आधारभूत सुविधाओं एवं अन्य सामाजिक कार्यों के माध्यम से स्थानीय एवं वंचित समुदायों के कल्याण हेतु महत्वपूर्ण योगदान देती रही है। तीन करोड रुपये इस हेतु खर्च किये जा रहे है। 24-25 में किये कार्यों की सूची का वाचन भी किया। कंपनी समय-समय पर कानून, आवश्यक योग्यताओं, उपलब्ध पदों तथा श्रम नियमों के अनुरूप स्थानीय नागरिकों को रोजगार के अवसर प्रदान करती रही है। स्थानीय लोगों को रोजगार से दूर रखने की न तो कोई नीति है और न ही कोई मंशा।

विगत कुछ दिनों/सप्ताहों से कुछ व्यक्तियों, कुछ अज्ञात एवं असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध रूप से समूह बनाकर मनमानी एवं गैर-कानूनी रोजगार मांगें की जा रही हैं। ये तत्व प्रबंधन पर दबाव डालने, अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धमकाने तथा प्लांट परिसर एवं आसपास भय का वातावरण उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे हैं। दिनांक 13.01.2026 को यह समूह लगभग 50 उपद्रवी एवं असामाजिक तत्वों के साथ नरसिंहगढ़ प्लांट में जबरन घुसा, अवैध भीड़ एकत्र कर कंपनी के खिलाफ भड़काऊ नारे लगाए तथा अपनी गैर-कानूनी मांगों को दोहराया, जिससे प्लांट परिसर एवं आसपास दहशत एवं अशांति फैल गई। यह समूह अक्सर फैक्ट्री गेट पर इकट्ठा होकर नारेबाज़ी, धमकियां तथा कर्मचारियों/ श्रमिकों को डराने-धमकाने का कार्य करता है, जिसके कारण कई श्रमिक ड्यूटी पर आने से हिचकिचा रहे हैं तथा कंपनी के नियमित औद्योगिक संचालन पर गंभीर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

उसी दिन उपरोक्त व्यक्तियों ने धमकी दी कि यदि उनकी गैर-कानूनी एवं मनमानी मांगें 15 दिनों के भीतर स्वीकार नहीं की गईं, तो वे कंपनी के विरुद्ध ज़बरदस्ती कार्रवाई करेंगे। वे पुनः प्लांट गेट पर भीड़ एकत्र कर कार्य अवरोधित करने की धमकियां दे रहे हैं। इनकी सभी गतिविधियाँ पूर्णतः अवैध हैं, कानून द्वारा किसी भी प्रकार से स्वीकृत नहीं हैं, तथा इनका उद्देश्य क्षेत्र की शांति, औद्योगिक व्यवस्था तथा जन-जीवन एवं संपत्ति की सुरक्षा को बाधित करना है। यदि समय रहते इन्हें नियंत्रित नहीं किया गया, तो कानून-व्यवस्था की गंभीर स्थिति उत्पन्न हो सकती है। डर, धमकी और अवैध दबाव के इस माहौल के कारण कंपनी के लिए फैक्ट्री संचालन बाधित हो रहा है तथा जन-सुरक्षा एवं शांति को खतरा उत्पन्न हो रहा है। कंपनी उपरोक्त व्यक्तियों के विरुद्ध मानहानि सहित उचित सिविल एवं आपराधिक कार्रवाई प्रारंभकरने पर विचार कर रही है, ताकि प्लांट परिसर एवं आसपास शांति, सुरक्षा एवं सद्भाव बनाए रखा जा सके।

## कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा



नगर के अग्रवाल परिवार के प्रमुख प्रहलाद अग्रवाल श्रीमति गीता द्वारा मुख्य श्रोता बनकर श्रीमद भागवत कथा का श्रवण कर रहे है व करवा रहे है। एक फरवरी से प्रारंभ इस कथा का शुभारंभ भव्य कलश से हुआ। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर तो श्रद्धालु झूम उठे। कथा व्यास पं श्री मधुर गोपाल दास जी शास्त्री ज्योतिषाचार्य के श्री मुख से सुनाई जा रही है। पुरानी अस्पताल परिसर में चल रही इस कथा को श्रवण करने नगर व आस पास के ग्रामीण जन बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से हरि इच्छा तक कथा सुनाई जा रही है। कथा व्यास पं श्री शास्त्री द्वारा विभिन्न उदाहरणों व मधुर वाणी में कथा सुनाई जा रही है जिससे श्रोता मंत्रमुग्ध होकर कथा सुनाकर पुण्य लाभ ले रहे है। 5 फरवरी गुरूवार को श्रीकृष्ण जी की बाल लीला व गोवर्धन की कथा सुनाई गई। कथा सुनकर पुण्य लाभ लेने का निवेदन अग्रवाल परिवार के जगदीश प्रसाद, खेमचंद, गनेश प्रसाद, नरेन्द्र कुमार, राकेश कान्त, अमरीश, प्रियेश, स्वपनेश निहाल रत्नेश अखिलेश अग्रवाल ने की है।

### भोग भक्ति और वासना - एक साथ नही ठहर सकते

विषयों का त्याग किये बिना परमात्मा प्राप्ति नहीं हो सकती। यदु महाराज ने एक हजार वर्ष की आयु प्राप्त की फिर भी भोगो से तृप्ति नहीं हुई तो उन्होने अनुभव गम्य करके विषयो का त्याग किया। जंगल में जाकर भागवत जी के दशम स्कन्ध का पाठ किया और भगवत प्राप्त की। एवं महाराज श्री ने बताया कि विप्र धेनू, सुर, संत हित लीन मनुज अवतार अर्थात भगवान ने ब्राह्मणों, गौ (गाय), देवताओं और संतों की रक्षा के लिए मनुष्य रूप में (श्री राम) अवतार लिया।

## पीले रंग के परिधान में सिर पर कलश धारण कर भव्यता से निकली कलश यात्रा

### अतिरुद्र महायज्ञ, शिवलिंग निर्माण एवं श्रीमद भागवत के आयोजन का शंखनाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा





उपकाशी नगर हटा की पावन पुण्य धरा पर भगवान देव श्री गौरीशंकर मंदिर परिसर में आयोजित अतिरुद्र महायज्ञ एवं पार्थिव शिवलिंग निर्माण और श्रीमद भागवत कथा शुभारंभ के पूर्व भव्यता के साथ दिव्य कलश यात्रा निकालकर धार्मिक अनुष्ठानों का शंखनाद हुआ। गुरुवार दोपहर पावन पुण्य सलिला सुनार नदी के तट स्थित भगवान भूतेश्वर मंदिर परिसर से बड़ी तैयारियो के साथ कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में उपस्थित पीले वस्त्र धारण किए महिलाओं एवं बालिकाओं ने सर पर कलश रखकर जब कतार बद्ध होकर यात्रा में शामिल हुई तो दृश्य अलौकिक हो गया। इस कलश यात्रा में देव श्री कौशलाधीश जी सरकार, देवश्री रामगोपाल जी सरकार, देवश्री बालाजी सरकार, देवश्री मुरली मनोहर जी सरकार, देवश्री बांके बिहारी जी सरकार, देवश्री नवल किशोर जी सरकार, देवश्री लक्ष्मी नारायण जी सरकार, देवश्री किले वाले राधा रमण जी सरकार अपने अपने विमान पर सवार होकर यात्रा में आगे चल रहे थे। जो भूतेश्वर सरकार से रतन बजरिया से गौरीशंकर मंदिर पहुंची, कलश यात्रा में साथ चल रहे भगवानों के विमानों का जगह जगह लोगो ने आरती पूजन अर्चन किया। वही अति रुद्र महायज्ञ के संचालक यज्ञाचार्य पं. डॉ. मथुरा प्रसाद शुक्ल वाराणसी एवं श्रीमद भागवत कथा व्यास पं. डॉ अनिल शास्त्री जी घनश्याम बाग घोड़ा बग्घी पर सवार होकर निकले, जिनका लोगो ने जगह जगह पुष्प माला एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। इस दौरान पारंपरिक अंदाज में रामधुन मंडली भजन करते हुए चल रही थी। जिसने वातावरण में पवित्रता घोली। गाजे, बाजे और डीजे पर युवा थिरक रहे थे। वही कलश यात्रा में आगे रमतूला वादन और दल दल घोड़ी के नृत्य की झांकी आकर्षण का केंद्र बनी रही। कलश यात्रा में युवाओं की टीमें एवं वरिष्ठ जनों का समूह भी साथ चल रहा था। इस दौरान हटा विधायक उमादेवी लालचंद खटीक, आयोजन के सूत्रधार कु. पुष्पेंद्र सिंह हजारी, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, श्री रामगोपाल जी मंदिर महंत श्यामदास जी महाराज, बालाजी मंदिर महंत, यज्ञ समिति अध्यक्ष अनुराग वर्धन सिंह हजारी सहित समस्त आयोजन समिति एवं श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही। कलश यात्रा के आयोजन के दौरान हटा टीआई सुधीर कुमार बेगी के नेतृत्व में हटा पुलिस बल सक्रियता से तैनात रहा। यहां बताया गया कि कलश यात्रा उपरांत 6 फरवरी से प्रतिदिन प्रातः 7 बजे से पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं रुद्रा और दोपहर 11 बजे विसर्जन का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। वही प्रातः 8 बजे से अति रुद्र महायज्ञ हवन प्रतिदिन 15 फरवरी तक अनवरत चलेगा एवं 9 फरवरी (शाम 4 बजे प्रतिदिन) से 15 फरवरी तक कथा व्यास पं. डॉ अनिल शास्त्री जी घनश्याम बाग के मुखारबिंद से श्रोताओं को कथा का श्रवण पान कराया जाएगा।

## रिश्वत लेने वाले नपा कर्मी को चार वर्ष की सजा

**दमोह।** न्यायालय विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम दमोह श्री संतोष कुमार गुप्ता ने रिश्वत लेने के मामले में नगर पालिका हटा के कर्मी सचिन दीक्षित को 04 वर्ष की सजा सुनाई है। आरोपी सचिन दीक्षित ( पंप संचालक नगर पालिका परिषद हटा) को दोषसिद्ध पाते हुए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधन -2018 ) की धारा धारा 07 में दोषसिद्ध करते हुए 04 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000 रूपये अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है। अभियोजन के अनुसार दिनांक 05.01.2019 को फरियादी श्री राजू सिंह राजपूत द्वारा लोकायुक्त पुलिस सागर के समक्ष प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत दूसरी किस्त जारी कराने के एवज में आरोपीगण द्वारा 15,000/- रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायत के सत्यापन उपरांत दिनांक 07.01.2019 को ट्रैप कार्यवाही के दौरान आरोपी सचिन दीक्षित को 10,000/- की रिश्वत राशि लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया, आरोपी द्वारा उक्त राशि तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी के कहने पर लेना स्वीकार किया गया। विवेचना में संकलित भौतिक, मौखिक एवं इलेक्ट्रानिक अभिलेखीय साक्ष्य के आधार पर आरोपीगण के विरूद्ध अभियोग पत्र माननीय न्यायालय पेश किया गया। मामले में आवेदक राजू सिंह राजपूत न्यायालय में पक्षविरोधी हुआ, किन्तु मामले में दस्तावेजी साक्ष्य, मौखिक साक्ष्य व अभियोजन द्वारा प्रस्तुत तर्को से सहमत होकर माननीय न्यायालय द्वारा आज दिनाँक 5/02/2026 को पारित निर्णय में आरोपी सचिन दीक्षित को दण्डित किया गया एवं प्रियंका झारिया, तत्कालीन मुख्य नगर पालिका अधिकारी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया गया। अभियोजन की ओर से पैरवी प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन श्री धर्मेन्द्र सिंह तारन के निर्देशन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी संजय कुमार रावत द्वारा की गई एवं सहायक ग्रेड तीन विनय नामदेव द्वारा आवश्यक सहयोग किया गया।

## सोनी समाज के परिचय सम्मेलन में आज होंगे 11 जोड़ो के विवाह



**जबेरा।** सर्व स्वर्णकार वैवाहिक परिचय सम्मेलन ग्राम जबेरा में विधिवत रुप से संत श्री दादा दरबार जागेश्वर महाराज के मंगलाचरण से आरंभ हुआ। कार्यक्रम के संयोजक मुन्ना लाल सोनी, अखिलेश सोनी, अध्यक्ष प्रकाश सोनी ने बताया कार्यक्रम 5-6 फरवरी दोनों दिन कृषि उपज मंडी जबेरा में होगा। लगभग 100 युवक युवतियों का वैवाहिक परिचय आया। 11 जोड़े शादी के तय हो चुके है। अतिथियों के रुप में जबलपुर से डा पुरुषोत्तम सराफ, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सीता देवी महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष, गंज बसोदा से राजकुमार सरिता सोनी विवाह मंच संस्थापक मंजू पंकज सोनी सर्व स्वर्णकार प्रदेश अध्यक्ष स्नेह मुकेशसोनी महासभा प्रदेश संयोजक सिद्धेश्वरी सराफ 'शीलू ' प्रदेश महासचिव (साहित्य कार) और सभी गणमान्य लोगों की उपस्थिति गरिमामय रही। आयोजन में दूर दूर से अपने परिवार के साथ आए। लगभग 1000 व्यक्तियों की उपस्थिति रही। 6 फरवरी को 11 जोड़े का विवाह संपन्न होगा। कार्य क्रम का संचालन सिद्धेश्वरी सराफ शीलू ने किया और आभार प्रदर्शन अखिलेश सोनी द्वारा किया गया।

**In The Court Of I Civil Judge Class-I, District Court, Damoh**
**Presiding Officer :सुश्री स्नेहा सिंह**
**आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000002/2026)**
**श्रीमती बंसतरानी उर्फ द्रोपती...आवेदक**
**Vs**
**श्रीमती शीलवती रैकवार,......अनावेदक**
**TID 394/2026**
**Process Id- 8 /2026**
**पेशी दिनांक : 06/03/2026**

प्रेषिती-
(1) आम जनता पता- दमोह म.प्र.
2)आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती बंसतरानी उर्फ द्रोपती पता ने मृतक प्रेमनारायण रैकवार निवासी मांगज वार्ड नंबर ०५ दमोह की उपदान, बीमा, अर्जित अवकाश की 10,46,918/- अंकन दस लाख छियालीस हजार नौ सौ अठारह राशि / संपत्ति हेतु उत्ताधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 06 March 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 06 March 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 04 February 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है ।
कृपया ध्यान दें :- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**सुश्री स्नेहा सिंह**
(सील) **प्रथम व्यवहार न्यायाधीश**
**वरिष्ठ खण्ड दमोह, जिला दमोह (म.प्र.)**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं शपथकर्ता इब्तेसाम खान उम्र 29 वर्ष पिता नसीम अहमद खान निवासी-बजरिया वार्ड नं. 7, शाह शाहब के पास, नूरी नगर दमोह खास, तहसील व जिला दमोह (म.प्र.) निम्नलिखित कथन करती हूं :- 01.यह कि मैंने कक्षा 10वीं की परीक्षा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर, राजस्थान अंतर्गत 03210-केन्द्रीय विद्यालय किल्लाई नाका दमोह म.प्र. से वर्ष 2011-13 में उत्तीर्ण की है. जिसका रोल नंबर 1180106 पंजीकरण संख्या A113/03210/0087 है। 02. यह कि मैंने कक्षा 12वीं की परीक्षा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर, राजस्थान अंतर्गत 03210-केन्द्रीय विद्यालय किल्लाई नाका दमोह म.प्र. से वर्ष 2015 में उत्तीर्ण की है, जिसका रोल नंबर 1681986 है, जिसमें मेरे नाम की स्पेलिंग IBTESHAM KHAN एवं पिता का नाम N.A. KHAN गलत दर्ज है, जबकि मेरे नाम की सही व सत्य अंग्रेजी स्पेलिंग IBTESAM KHAN एवं पिता का नाम सही व सत्य NASEEM AHAMAD KHAN है, जो सही व सत्य है। 03. यह कि मेरे उपरोक्त मार्कसीट में मेरे पिता का नाम N.A. KHAN दर्ज है, जबकि मेरे पिता का नाम नसीम अहमद खान सही व सत्य नाम है। 04. यह कि मेरी उपरोक्त मार्कसीट में मेरे पिता का नाम N.A. KHAN के स्थान पर उनका पूरा नाम नसीम अहमद खान दर्ज किया जायें। इस वास्ते शपथ पत्र प्रस्तुत है। 05. यह कि मेरी कक्षा 10वीं की अंकसूची में मेरे पिता का सही व सत्य नाम NASEEM AHAMAD KHAN दर्ज किया जावें एवं मेरी कक्षा 12वीं की अंकसूची में मेरे नाम की स्पेलिंग IBTESAM KHAN दर्ज किया जावें एवं मेरे पिता का पूरा नाम NASEEM AHAMAD KHAN दर्ज किया जावें।

सत्यापन

मैं शपथकर्ता इब्तेसाम खान उम्र 29 वर्ष पिता नसीम अहमद खान निवासी-बजरिया वार्ड नं. 7, शाह शाहब के पास, नूरी नगर दमोह खास, तहसील व जिला दमोह (म.प्र.) सत्यापित करती हूँ कि उक्त शपथ पत्र की कंडिका 1 लगायत 5 तक में वर्णित कथन मेरे ज्ञान व जानकारी में सही एवं सत्य है।

दमोह, दिनांक- 05/02/2026 सत्यापनकर्ता
निशांत कुमार वर्मा (एडवोकेट/नोटरी) दमोह म.प्र.